>

Title : Need to expedite the process for construction of a railway line from Ramganjmandi to Ujjain via Jhalawar and Agar.

श्री सज्जन वर्मा (देवास): माननीय रेल मंत्री जी ने 2010-2011 के अपने बजट भाषण में कहा था कि जो क्षेत्र अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बाहुल्य है एवं विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं, उन क्षेत्रों में सबसे पहले बिना लाभ-हानि के आधार पर नई रेलवे लाइन बिछाई जायेगी। मध्य प्रदेश में ऐसे दो संसदीय क्षेत्र - देवास व उज्जैन, जो कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित क्षेत्र हैं एवं विकास की दिशा में पिछड़े हुए हैं। यहां पर विगत वर्षों में तत्कालीन रेलमंत्री द्वारा एक नई रेल लाइन रामगंजमंडी से झालावाड़ होते हुए आगार एवं उज्जैन तक बिछाने के सर्वे कार्य का भूमि पूजन एक बड़े समारोह में किया गया था। इस नई रेलवे लाइन का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है एवं इसकी डी.पी.आर भी बन चुकी है। लेकिन आज तक इस रेल लाइन की कार्य योजना को स्वीकृति नहीं मिली है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र देवास की इस महत्वपूर्ण योजना की स्वीकृति प्लानिंग कमिशन से करवाकर 2011-2012 के बजट में सम्मिलित किया जाये।